**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# संक्रमितों के सैपलों की जांच रिपोर्ट मुम्बई भेजे जाने पर नाराजगी

## हल्द्वानी,गुरूग्राम और मुक्तेश्वर ने किये हाथ खड़े

**नाराजगी**

जिले के जनसंगठनों ने गहरी नाराजगी जताना शुरू कर दिया है

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोट**

पिथौरागढ़। जिले के लोगों के लिए एक बुरी खबर है। जिले में आये दिन कारोना मरीजों की बढ़ती तादात को देखते हुए तेजी से अब तक सैंपलों की जांच कराने के लिए जितने भी सैपलों की जांच हल्द्वानी, मुक्तेश्वर व गुरूग्राम से रिपोर्ट आने में आसानी होती थी अब इन तीनों जगह से जांच सैपल रिपोर्ट देने में मना किये जाने पर जिले के लोगो ने गहरी नाराजगी जाहिर की है।

जिले से जितने भी अब कोरोना संक्रमितों की जांच रिपोर्ट मुम्बई भेजे जाने से बवाल मचनें की स्थिति बनने लगी है। जानकारी के मुताबिक अब तक जिले से कारोना के जांच नमूने एसटीएच हल्द्वानी व गुरूग्राम मुक्तेश्वर भेजे जा रहे थे। जांचों की रिपोर्ट आने में महज दो या तीन दिन तक का समय लग रहा था।



आलम यह है कि तीनों चिन्हित सैंपल सेंटरों के जांच रिपोर्ट भेजे जाने से इंनकार किये जाने के बाद से अब जिले के लोगों के कोरोना संक्रमितों के साथ जिले के लोगों की मुसीबतें और भी ज्यादा बढ़नें की संभावना बन गई है। दूसरी ओर अब जिले से नमूने जांच के लिए मुम्बई भेजे जाने के समाचार मिल रहे है। अब रिपोर्ट आने में और भी देरी होने की संभावना है।

जिले के जनसंगठनों ने गहरी नाराजगी जताना शुरू कर दिया है। सामाजिक संगठनों ने स्वास्थ विभाग के इस फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा है कि जहां एक ओर राज्य सरकार ज्यादा से ज्यादा जांच कराये जाने पर जोर डाल रही है।

वही दूसरी ओर अब सैंपलों की जांच जिले से हजारों किमी दूर भेजे जाने पर जिले के लागों की परेशानी और भी बढ़नें वाली है। वही इस मामले पर जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी हरीश चंन्द्र पंत ने कहा कि हल्द्वानी एसटीएच ने अब जिले से भेजे जा रहे सैपलों को लेने से मना कर दिया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी भी ये मान रहे है कि ऐसे हालातों में आनन फानन में मुम्बई पर भरोसा करते हुए अब सैपलों की रिपोर्ट में खासी देरी होगी। वही अब यह मामला जिले के लिए उल्टी गंगा बहने जैसा साबित होने वाला साबित हो रहा है।

## न्यूज डायरी

### मंडल स्तर पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करेगी भाजपाः अजय कुमार

**संवाददाता** देहरादून। देहरादून महानगर के भाजपा पार्षदों, मंडल प्रभारियों ,मंडल अध्यक्षों महामंत्रियों एवं महानगर पदाधिकारियों की वर्चुअल बैठक में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री अजय कुमार ने कहा कि सेवा सप्ताह समाप्त होने के पश्चात भाजपा मंडल स्तर पर प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन कर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करेगी। उन्होंने इसके साथ ही संगठन मंत्री ने बूथ अध्यक्षों से बूथ स्तर पर व्हाट्सएप ग्रुप बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा के साथ संघ परिवार के अन्य संगठनों के महत्वपूर्ण व्यक्तियों को भी जोड़ा जाना प्रस्तावित है।

### नगर पंचायत अध्यक्ष को पितृ शोक

**संवाददाता** पुरोला। नगर पंचायत अध्यक्ष पुरोला हरिमोहन नेगी को पितृ शोक हुआ है। बुधवार नगर पंचायत अध्यक्ष हरिमोहन सिंह नेगी के पिता बिजेंद्र सिंह नेगी का मंगलवार को अपने गांव कोरना में 69 वर्ष की उम्र में निधन हो गया वे काफी समय से बीमार थे,बुधवार को पैत्रिक घाट कमल गंगा व मालगाड़ के संगम पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। नगर पंचायत सभासदों,क्षेत्र के विभिन्न पार्टियों के प्रतिनिधियों व कर्मचारियों,व्यापारियों ने शोकसभा में उनको श्रद्धाजंली अर्पित की। उनके शोक में दोपहर तक बाजार के सभी प्रतिष्ठान बंद रहे। शोक व्यक्त करनें वालों में सभासद भूवनेश उनियाल, गीता पंवार,रजंनी शाह,विनोद नौडियाल व बलदेव नेगी,सुषमा चौहान,धनवीरी चौहान व शिवनारायण चौहान,पूर्व अध्यक्ष प्यारेलाल हिमानी,जयेंद्र राणा व्यापार मंडल अध्यक्ष जगमोहन नौटियाल, जयेंद्र सिंह रावत,उपेंद्र असवाल समेत विभिन्न पार्टियों के पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल थे।

### मिनी ऑनलाइन शॉप के साथ अब ऑनलाइन खरीद का ले मजा

**संवाददाता** देहरादून। मिनी इंडिया ने मिनी ऑनलाइन शॉप की शुरुआत की है। ग्राहक शॉपडॉटमिनीडॉटइन पर जाकर ऑनलाइन से लेकर अपनी ऑन–रोड यात्रा आरंभ कर सकते हैं। वे इस वेबसाइट पर महज एक बटन के क्लिक से मिनी रेंज को देख सकते हैं, अपनी पसंद की मिनी कॉन्फिगर कर सकते हैं, नजदीकी डीलर को लोकेट कर सकते हैं, टेस्ट ड्राइव या कोटेशन के लिए निवेदन कर सकते हैं, ईएमआई गणना के साथ ही अपनी पसंदीदा मिनी को बुक करा सकते हैं। श्री विक्रम पवाह, प्रेसिडेंट बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा मिनी स्वभाव से रचनात्मक और आशावादी है और हमेशा कुछ नया लेकर आती है। डिजिटलाइजेशन हमारी दुनिया को बदल रही है और यह अब ग्राहक की पूरी यात्रा का अभिन्न हिस्सा बनती जा रही है।

## भारत में बेकाबू होता जा रहा कोराना वायरस

**प्रथम पेज का शेष...**संख्या के लिहाज से भारत में कोरोना संक्रमण के मामले अधिक हैं. लेकिन आबादी के अनुपात से संक्रमण के मामलों को देख सकते है। अगर भारत में कोरोना का बढ़ना लगातार जारी रहता है तो इसकी वजह यही होगी कि भारत में टेस्टिंग अभी भी ज्यादा जोखिम वाले लोगों और उनसे संपर्क में आने वाले लोगों के एक छोटे से तबके में ही की जा रही है। वहीं आंकड़ें बताते हैं कि भारत में जितने लोग कोरोना से संक्रमित हो रहे हैं या फिर इस महामारी के कारण मर रहे हैं, उससे ज्यादा लोग संक्रमित होने के बाद ठीक हो रहे है। कोरोना महामारी से बुरी तरह से प्रभावित देशों की तुलना में भारत में ठीक होने वाले लोगों का अनुपात बेहतर है. ये अनुपात बेहतर होना अच्छी बात है क्योंकि इसका मतलब ये हुआ कि भारत में कोरोना संक्रमित लोग अन्य देशों की तुलना में जल्दी ठीक हो रहे हैं। वहीं इन सबके बीच कोरोना वैक्सीन ट्रायल पर खुशखबरी भी सामने आ रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन के अनुसार मार्च 2021 तक कोरोना की वैक्सीन आ सकती है। लेकिन इसकी तारीख तय नहीं है। डॉ. हर्षवर्धन ने बताया कि वैक्सीन सबसे पहले उन्हें दी जाएगी, जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत होगी।

## बढ़ती महंगाई पर गरजी कांग्रेस

**संवाददाता** देहरादून। बिजली, पानी, प्याज, टमाटर सहित सब्जियों एवं अनाजों के लगातार बढ़ते दामों तथा महंगाई को लेकर महानगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केन्द्र व राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए भाजपा सरकार का पुतला फूंका और कहा कि जल्द ही महंगाई को नियंत्रित नहीं किया गया तो आंदोलन तेज किया जायेगा।

महानगर कांग्रेस के कार्यकर्ता महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस भवन में इकटठा हुए ओर वहां से केन्द्र व राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए एस्ले हॉल चौक पहुंचे जहां पर पुतले को आग के हवाले कर दिया। इस अवसर पर लालचन्द शर्मा ने कहा कि भाजपा के शासन में महंगाई अपने चरम पर है तथा आम आदमी का जीना दूभर हो चुका है। उन्होंने कहा कि बिजली, पानी के दाम हर साल बेतहाशा बढते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्याज, टमाटर सहित सभी सब्जियां आम आदमी की थाली से गायब हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि अपने पिछले पांच साल के कार्यकाल में 100 दिन में महंगाई कम करने का वायदा करने वाली मोदी सरकार ने महंगाई से देश की जनता का छः साल में बुरा हाल कर दिया। उन्होंने कहा कि 2014 में 450 रूपये का रसोई गैस सिलेण्डर 723 रूपये तक पहुंच गया, पेट्रोल 84 रूपये 90 पैसे तथा डीजल 68 रूपये 30 पैसे पहुंच गया। भाजपा सरकार ने उत्पाद शुल्क में नौ गुना की वृद्धि की है जिसका भार सीधा आम उपभोक्ता की जेब पर पडा है और जिसकी मार हमारी रसोई तक सीधी पहुंची है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा सरकार बनने पर मंहगाई कम करने, दो करोड़ बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने का वायदा एक जुमला साबित हुआ।

### मंहगाई पर नहीं सरकार का कोई नियंत्रणः महेश जोशी

देहरादून। लगातार बढ़ती मंहगाई पर चिंता जाहिर करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेश जोशी ने गहरी चिंता व्यक्त की है और सरकार से महंगाई को नियंत्रित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जहां आम जन कोरोना वायरस कोविड 19 की वैश्विक महामारी कोरो ना से जूझ रही है और आर्थिक संकट का सामना कर रही है वहीं सरकार लगातार मंहगाई का चाबूक चला रही है।

## चीन और नेपाल सीमा पर सुरक्षा का जिम्मा लेने पहुंचे कमाडेंट स्तर के अधिकारी

**सवांददाता**

पिथौरागढ़। लद्दाख में चीनी सैनिकों की बढ़ रही हरकतों के मददेनजर अब भारत–चीन सीमा के लिपुलेख के पास कमाडिंग स्तर के अधिकारी रवाना हो चुके है। बता दें कि सीमा पर बढ़ते तनाव के मद्देनजर अब सीमा पर चौकसी और भी ज्यादा बढ़ा दी गई है। बीते बुधवार की सांय लिपुलेख सीमा पर सीमा सुरक्षा बल के कमाडिग स्तर के अधिकारियों ने जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।



बता दें कि सीमा पर चीनी सैनिकों की बढ़ती गतिविधियों का मुहतोड़ जवाब देने के लिए लिपुलेख पर हमारे जवान पूरी तरह मुस्तैद हो चुके है। कालापानी से लेकर लिपुलेख तक सीमा सुरक्षा बल व सेना के जवान मौके पर मौजूद है। सीमा पर उच्च स्तर के कमाडिग अधिकारी मौके पर चाक चौंबंद निगरानी अग्रिम चौकियों तक बनाये हुए है।

सुरक्षा एजेंसियों से मिली जानकारी के मुताबिक सीमा पर चौकसी अब और भी ज्यादा बढ़ा दी गई है। चीनी सैनिकों की नापाक हरकतों का जवाब देने के लिए हमारे जवान सीमा पर कड़ी मुस्तैदी के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए देखे जा सकते है। फिलहाल अभी चीन सीमा पर हालात सामान्य चल रहे है।

### स्वर्णिम इतिहास का निर्माण कर रहे हैं नरेन्द्र मोदीः बंशीधर भगत

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि वे युगपुरुष हैं और स्वर्णिम इतिहास का निर्माण कर रहे हैं। उनका देव भूमि उत्तराखंड के साथ विशेष अनुराग है जिससे हम स्वयं को गौरवान्वित महसूस करते हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बंशी धर भगत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन पर उन्हें बधाई शुभ कामनाएँ देते हुए कहा कि मोदी स्वर्णिम इतिहास की रचना कर रहे हैं और आज भारत नए युग में प्रवेश करने के साथ विश्व में भी शिखर पर है ।

उन्होंने सेवा को राजनीति से जोड़ा , इसीलिए हम उनके जन्म दिन को सेवा सप्ताह के रूप में मना रहे हैं। उनका यह जन्म दिन 70 वाँ होने के कारण सेवा सप्ताह को 70 के अंक से भी जोड़ा गया है। भगत ने प्रधानमंत्री को उत्तराखण्ड का सच्चा हितैषी बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड का चहुँमुखी विकास हो रहा है।